Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# ज्वालापुर के कई मोहल्लों को प्रशासन ने किया पूरी तरह से सील

## लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले 4 दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज

चुनौती

**संवाददाता**

हरिद्वार। कोरोना वायरस के मामले मिलने पर उपनगरी ज्वालापुर के कई मोहल्लों को प्रशासन ने पूरी तरह से सील कर दिया है। यहां तक कि कटरा बाजार में लगने वाला सब्जी बाजार और फल की दुकानों को भी पूरी तरह से बंद करा दिया है। इसके चलते नील खुदाना, लकड़ हरान, ईदगाह रोड आदि क्षेत्रों में दूध की सप्लाई समुचित तरीके से नहीं हो पाई। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की ओर से ज्वालापुर क्षेत्र का सेनिटाइजेशन कराया जा रहा है।

ज्वालापुर के पास करोना से संक्रमित तीन लोगों के मिलने के बाद से जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन ने बीते रोज ही कई मोहल्ले को पूरी तरह से सील कर दिया था। आला पुलिस अधिकारी मोहल्ले में कैंप किए हुए हैं। गुरुवार सुबह ज्वालापुर क्षेत्र के कई और क्षेत्रों को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। प्रत्येक गली के बाहर बल्ली लगाकर रास्ता बंद किया गया है। इस समय पूरा ज्वालापुर लॉक डाउन के चलते घरों में कैद हो गया है। पुलिस तथा पीएसी क्षेत्र में लगातार नजर बनाए हुए हैं।

एसपी सिटी कमलेश उपाध्याय के नेतृत्व में इन मोहल्लों में अलाउंस के माध्यम से बताया जा रहा है कि कोई भी घरों से बाहर ना निकले। घरों से बाहर निकलने पर 144 की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब सख्ती से काम लिया जा रहा है। जमात से लौटे अभी कुछ और लोगों की तलाश कराई जा रही है। खुफिया विभाग को सतर्क कर दिया गया।

हरिद्वार के पथरी पुलिस ने लॉक डाउन का उल्लंघन करने वाले 4 दुकानदारों के खिलाफ 188 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। थाना पथरी पुलिस को सूचना भेजी कि गांव कटार पुर में अलग–अलग दुकानदारों ने तीन दुकान खोल रखी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों दुकानदारों को हिरासत में लिया। वहीं, पुलिस ने गांव जाट बदरपुर छापा मारकर हेयर सैलून की दुकान चला रे दुकानदार को गिरफ्तार कर अपने साथ ले आई। चारों दुकानदारों के खिलाफ 188 धारा के तहत मामला दर्ज कर सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया है।

### कोरोना संक्रमित जमाती समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ज्वालापुर कोतवाली में दो अलग–अलग मुकदमें दर्ज हुए। पांवधोई निवासी सोनू की ब्लड रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने पर उसे मेला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाजार चौकी इंचार्ज देवेंद्र चौहान ने सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए बताया कि क्वॉरेंटाइन करने से पहले हुई पूछताछ में उसने अपने निजामुद्दीन मरकज जाने की बात छिपाई थी। जिससे कई लोगों के जीवन को खतरा पैदा हुआ है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, होम क्वॉरेंटाइन किए गए एक जमाती के गायब होने के मामले में रेल चौकी प्रभारी सुनील रावत की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया है। तेलियान निवासी शाहवेज को एक सप्ताह पहले होम क्वारेंटाइन किया गया था। दो दिन पहले फेसिलिटी क्वारेंटाइन करने के लिए पुलिस जब उसके घर पहुंचे तो वह गायब मिला। आरोप है कि शाहवेज को उसकी मां गुलशाना ने उसे भगाया है। पुलिस ने शाहवेज और गुलशाना के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया है।






दून पुलिस लॉकडाउन में कोरोना वाइरस के प्रति भी लोगों को व्यापक स्तर पर जागरूक कर रही है। वहीं सड़कों पर बेवजह घूमने वालों पर सख्ती भी कर रहीं है।

## न्यूज डायरी

### मरकज में शामिल असामाजिक तत्वों पर शीघ्र ठोस करवायी करे सरकार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ के केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा है कि आज देश व प्रदेश में जिस प्रकार से वैश्विक महामारी कोरोना ने पूरे विश्व में अपने पैर पसार लिए हैं व पूरे विश्व में इससे संक्रमित लोगों की संख्या लाखों में पहुच चुकी है, वही दूसरी ओर हमारे देश मे हमारा देश इससे निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। उन्होंने कहा कि लेकिन जिस प्रकार से पूर्ण लॉकडाउन के बाद भी तब्लीगी जमात में मरकज में शामिल वर्ग के लोग तमाम कोशिशों के बाद भी लॉकडाउन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है, यह दुखद है, इस महामारी के समय जब सभी को बिना जाति धर्म देखे इस महामारी से लड़ने के लिए एकजुट होना चाहिए ताकि संक्रमण फैलने से बचा जा सके, लेकिन यह अराजक तत्व मानने को तैयार नहीं है।

### फिर किसी की मजबूरी ने एक बच्ची ने तोडा अपना गुल्लक

**संवाददाता** देहरादून। बीते दिनों पहले ही पुरानी पुलिस लाइन निवासी पांच वर्षीय नन्दनी ने अपनी गुल्लक तोड़ कर 500 रुपये का योगदान एक परिवार के एक हफ्ते के राशन के लिए देकर सबसे छोटी हंगर फाईटर बनी थी आज फिर 06 वर्षीय और 13 कोमल और प्रज्ञा दो बच्चियों ने न सिर्फ दो परिवारों को एक हफ्ते के लिए राशन मे सहयोग किया। एनएपीएसआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा है कि बल्कि इस पूरे परिवार ने हमारे जितने भी कोरोना योद्धा और हंगर फाईटर इस वक्त मैदान मे डटे हैं उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए एक सन्देश भी जारी किया है और अपनी पॉकेट मनी अपने पापा सोमपाल सिंह के हाथों से एसोसिएशन तक पहुंचा दी आपको बता दें कि इनके पिता सोमपाल सिंह एक जागरूक बुद्धिजीवी पत्रकार होने के साथ ही एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी भी हैं।

### सोनिया रसोई के माध्यम से हर रोज 500 से 600 लोगो तक पहुँचा रहे हैं खाना

**संवाददाता** देहरादून। देश व प्रदेश में कोरोना वायरस कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए जहां अनेक सामाजिक व राजनैतिक संगठन गरीब, असहाय एवं जरूरमंदों को भोजन व राशन की व्यवस्था में जुटे हुए है ओर वहीं वार्ड नम्बर 17 चुक्खुवाला वाला मे कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह एवं महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा के दिशा निर्देश पर कोरोना महामारी के चलते गरीब, मजदूर, बेसहारा व जरूरतमंद लोगों को प्रतिदिन 500 से 600 लोगो तक हर रोज पहुंचा रहे हैं भोजन।

# कई समाजसेवी संस्थाओं ने भी बढ़ाये मदद के लिए हाथ

**संवाददाता**

देहरादून। विश्व के साथ ही साथ भारत भी कोरोना वायरस कोविड–19 रूपी संकट से जूझ रहा है। लॉक डाऊन के चलते गरीब दिहाडी, मजदूरी करके अपना और परिवार का पेट भरने वालो को दो जून रोटी के लाले पड़ रहे है। सरकार, प्रशासन द्वारा सहायता के साथ साथ कई समाजसेवी संस्थाओं ने भी मदद के लिए हाथ बढाये हैं।

गोर्खाली सुधार सभा के अध्यक्ष पदम सिंह थापा ने कहा है कि ऐसे में समाजसेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता में सदैव अग्रणी गोर्खाली सुधार सभा ने भी इनकी सहायता हेतु हाथ बढाया है । इस अवसर पर गोर्खाली सुधार सभा के अध्यक्ष पदम सिंह थापा के नेतृत्व में टीम ने जरूरतमंद लोगों के परिवार को दैनिक भोजन हेतु सूखा राशन के पैकेट 5 किलो चावल, 5 किलो आटा, 1 किलो दाल, 1 किलो चीनी, 1 किलो रिफाईंड तेल, 1 पैकेट नमक 1 किलो आलू, 100 ग्राम चायपत्ती, एक पैकेट साबून वितरित किया। उन्होंने कहा कि गोर्खाली सुधार सभा की लगभग 40 शाखाएँ हैं । छह शाखाओं के शाखा अध्यक्षों द्वारा चिन्हित गढी, डाकरा, नया गाँव, अनारवाला, जैतनवाला, इंदिरानगर गल्जवाडी एवं कौलागढ़ के 60 से भी अधिक जरूरतमंद परिवारों को स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से सामाजिक दूरी का पालन का पालन करते हुए राहत सामग्री का वितरण किया।

■गोर्खाली सुधार सभा ने भी सहायता हेतु हाथ बढ़ाया

इस अवसर पर गोर्खाली सुधार सभा द्वारा संचालित यह अभियान अनवरत चलता रहेगा यानी शेष सभी शाखाओं में भी चिन्हित जरूरतमंद परिवारों को भी सभा द्वारा शीघ्र ही राहत सामग्री का वितरण व्यवस्था अनुसार पहुँचाई जायेगी। उन्होंने कहा कि गोर्खाली सुधार सभा का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद को सहायता पहुंचाना है, ताकि कोई भी परिवार भूखा ना सोये। इस अवसर पर गोर्खाली सुधार सभा के अध्यक्ष पदम सिंह थापा के साथ साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन क्षेत्री, उपाध्यक्ष पूजा सुब्बा आदि उपस्थित रहे।

### ऑटो रिक्शा चालकों को भी मिले आर्थिक सहायता

**संवाददाता** देहरादून। ऑटो रिक्शा यूनियन के पूर्व अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा है कि देहरादून शहर में लगभग 2392 ऑटो रिक्शा का संचालन होता है. लेकिन लॉकडाउन की वजह से सभी ऑटो रिक्शा घर पर खड़ी है. ऐसे ऑटों संचालक आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं।एक बयान में उन्होंने कहा कि शहर के सभी ऑटो रिक्शा चालक प्रति दिन आम दिनों में 500 से 600 रुपए कमा लिया करते थे, लेकिन अब उन्हें एक रुपया भी नहीं मिल रहा है।

इस अवसर पर अरोड़ा ने बताया कि इस महामारी को रोकने के लिए ऑटो रिक्शा चालक लॉकडाउन का समर्थन करते हैं, लेकिन उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उसको देखते हुए उन्होंने सरकार से मदद की अपील की है और कहा है कि यदि सरकार ऑटो रिक्शा चालकों को मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाये तो उनकी थोड़ी परेशानी कम हो सकती है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की भांति व अन्य की तरह उन्हें भी आर्थिक सुविधायें प्रदान किये जाने की आवश्यकता है जिससे वह भी अपने व परिवार का भरण पोषण कर सके।